लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर),बांसवाड़ा (राज.)

पीठासीन अधिकारी – डॉ.इंद्रजीत यादव, IAS.

अपील सं. 12/2026
जीसीएमएस सं. 2026/41
ऑन लाईन अपील सं.
218745356312823

प्रार्थी/अपीलार्थी :–		अप्रार्थी /रेस्पोण्डेंट्सः–
श्री हरिश निवासी भगवा टावर, जैन मंदिर के पीछे, कलिंजरा	बनाम	उपखण्ड अधिकारी (लोक सूचना अधिकारी) सज्जनगढ जिला बांसवाडा (राज.)

निर्णय

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

दिनांक :– 15–04–2026

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी की ओर से सूचना चाहने हेतु धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ऑन आवेदन सं. 218779040167396 दिनांक 20–02–2026 पर उपखण्ड अधिकारी (लोक सूचना अधिकारी) सज्जनगढ जिला बांसवाडा द्वारा सूचना उपलब्ध नही कराने पर अपीलार्थी की ओर से यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय से नोटिस दिनांक 01–04–2026 को जारी किया गया एवं प्रत्यर्थी को नियत तिथी को अपना पक्ष रखने उपस्थित होने सूचित किया गया।

दिनांक 15–04–2026 को प्रत्यर्थी उपखण्ड अधिकारी (लोक सूचना अधिकारी) सज्जनगढ जिला [illegible] प्रस्तुत कर अवगत कराया कि अपीलार्थी के उक्त प्रार्थना पत्र की सूचना से अवगत कराय गया कार्यालय के पत्रांक 290 दिनांक 15.04.2026 जवाब के साथ संलग्न है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Inderjeet Yadav
Date: 2026.05.13 12:15:38 IST
Reason: SelfAttested

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर, बाँसवाड़ा (राज.)

हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं उपखण्ड अधिकारी (लोक सूचना अधिकारी) सज्जनगढ जिला बांसवाडा के जवाब एवं उनकी ओर से अपीलार्थी को वांछित सूचना से अवगत कराये गये पत्र का अवलोकन एवं उस पर मनन किया। अपीलार्थी द्वारा उपखण्ड अधिकारी (लोक सूचना अधिकारी) सज्जनगढ जिला बांसवाडा से सूचना चाहने हेतु धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन 1 बिन्दु पर सूचना चाही गई है। उपखण्ड अधिकारी (लोक सूचना अधिकारी) सज्जनगढ के जवाब अनुसार अपीलार्थी के उक्त प्रार्थना पत्र की सूचना के सन्दर्भ में उनके कार्यालय के पत्रांक 290 दिनांक 15.04.2026 से अपीलार्थी को अवगत कराया है। ऑन लाईन आवेदन सं. 218779040167396 दिनांक 20–02–2026 से चाही गई सूचना पर उपखण्ड अधिकारी (लोक सूचना अधिकारी) सज्जनगढ द्वारा दिनांक 15.04.2026 से ऑफ लाईन सूचना से अवगत करा दिया गया है।

चुंकि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना के सन्दर्भ में प्रत्यर्थी ने ऑफ लाईन पत्रांक 290 दिनांक 15.04.2026 के माध्यम से अवगत कराया है। अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नही होने से अपील अपीलार्थी निरस्त की जाती है।

निर्णय आज दिनांक 15–04–2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. इंद्रजीत यादव) **IAS.**
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर, बांसवाडा (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Inderjeet Yadav
Date: 2026.05.13 12:15:38 IST
Reason: SelfAttested